हनुमान चालीसा का आश्रय करो।
नियति या कर्म तो भोगना पड़ता है,
लेकिन संकट की मात्रा कम होगी।
मेरा हनुमान नियति तो क्या
प्रारब्ध भी मिटा सकता है,
तरस (प्यास) होनी चाहिये।

~ मोरारी बापू। मानस सुन्दरकांड


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 266 | इंदौर, गुरुवार 06 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## स्कूल संचालकों, प्रकाशकों, विक्रेताओं की एकाधिकार को खत्म करने हेतु कलेक्टर ने किया आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्कूल संचालक, विद्यार्थियों/अभिभावकों को पुस्तकें, कापियाँ, संपूर्ण यूनिफार्म आदि संबंधित स्कूल/संस्था अथवा किसी भी एक दुकान /विक्रेता/संस्था विशेष से क्रय किये जाने हेतु नहीं कर सकेंगे बाध्य।

स्कूल संचालकों/ प्राचार्य को स्कूल में संचालित प्रत्येक कक्षा के लिये अनिवार्य पुस्तकों की सूची स्कूल की वेबसाईट पर अपलोड करना एवं स्कूल परिसर में सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करना होगा अनिवार्य।

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकार को खत्म करने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के तहत आदेश जारी

स्कूल संचालक/प्राचार्य विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों को सूचीबद्ध पुस्तकें परीक्षा परिणाम अथवा उसके पूर्व क्रय किये जाने हेतु नहीं कर सकेंगे बाध्य।

अभिभावक पुस्तकों की उपलब्धता के आधार पर 15 जून 2023 तक क्रय कर सकेंगे पुस्तके।

अप्रैल माह में प्रारंभ होने वाले शैक्षणिक सत्र में प्रथम तीस दिवस की अवधि 01 अप्रेल 2023 से 30 अप्रेल 2023 तक के मध्य का उपयोग विद्यार्थियों के ओरिएंटेशन, व्यावहारिक व मनोवैज्ञानिक पध्दति से शिक्षण में किया जायेगा।

स्कूल संचालक जिस नियामक बोर्ड यथा सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई./माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध है उस संस्था के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम व पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नियामक संस्था अथवा उसके द्वारा विधिक रूप से अधिकृत एजेंसी यथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक निगम आदि के द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य प्रकाशकों / मुद्रकों द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पुस्तकों को विद्यालय में अध्यापन हेतु करेंगे प्रतिबंधित।

अन्य विषयों जैसे नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर आदि की निजी प्रकाशकों/मुद्रकों द्वारा प्रकाशित पुस्तकें क्रय करने हेतु स्कूल संचालक नहीं कर सकेंगे बाधय।

विद्यालय द्वारा उक्त आदेशों की अवहेलना किये जाने पर शाला के प्राचार्य / संचालक के साथ ही शाला प्रबंधक / बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के समस्त सदस्य भी होंगे दोषी।

यह आदेश इन्दौर जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से किया गया लागू।

# गर्मी आते ही टैंकरों को लेकर शुरु होने लगे वार्ड वार

## पार्षदों से लिया जा रहा फीडबैक गर्मी में लगने वाले पानी के टैंकरों की संख्या कम करने में लगा निगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गर्मी के दिनों में जलापूर्ति करने के लिए नगर निगम हर वर्ष 485 से ज्यादा पानी के टैंकर ठेके पर लगाता है। इनकी संख्या कैसे कम की जा सकती है इसके लिए वार्डवार बैठकों का दौर शुरू हो गया है। साथ ही पार्षदों से वार्ड में जलप्रदाय की स्थिति को लेकर फीडबैक भी लिया जा रहा हैं। निगम की प्लानिंग है कि वार्ड की जिन छोटी कॉलोनियों में टैंकर से जल वितरण करना पड़ता है वहां पर नर्मदा की पाइप लाइन डालकर टैंकर बंद कर दिए जाएं।**

नर्मदा के तीन चरण आ गए हैं। अब चौथे चरण का पानी लाने की तैयारी है। इसको लेकर पिछले वर्ष निगम बजट में राशि का प्रावधान भी किया गया था। नर्मदा का तीसरा चरण आने के बाद निगम जलप्रदाय विभाग के अफसरों ने दावा किया था कि शहर में न तो पानी की कमी होगी और न ही ठेके पर टैंकर चलाने की जरूरत पड़ेगी। यह दावा फेल हो गया, क्योंकि हर वर्ष गर्मी में ठेके पर पानी के टैंकर लगाकर कई कॉलोनियों में जलापूर्ति करना पड़ती है। पिछले वर्ष गर्मी में निगम वर्कशॉप विभाग ने छोटे-बड़े मिलाकर ठेके पर 485 टैंकर लगाए गए थे। इसमें जलप्रदाय करने, बगीचों में पानी देने से लेकर साफ-सफाई का कार्य करने वाले टैंकर भी शामिल थे। जलप्रदाय करने वाले टैंकरों की संख्या 425 के आसपास थी। टैंकर पर तकरीबन 13 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इसके अलावा निगम ने अपने 86 टैंकरों से भी पानी बांटने का काम किया था। विधायक निधि के 40 के करीब टैंकर अलग चल रहे है। ट्रैक्टर, डीजल और ड्राइवर का खर्च निगम ही उठाता है।

### इन कामों के लिए भी लगेंगे टैंकर

निगम वर्कशॉप विभाग ने गर्मी में लोगों को पानी देने के लिए जहां प्रायेवट टैकर लगाने को लेकर निविदा आमंत्रित की है, वहीं सार्वजनिक बगीचों, शौचालयों-मूत्रालयों की धुलाई करने और फायर फाइटिंग को लेकर भी प्राइवेट टेंकर लगाने को लेकर निविदा बुलाई है।

### टैंकर लगाने के लिए बुला लिए हैं टेंडर

नर्मदा के तीनों चरण मिलाकर रोजाना शहर में 540 एमएलडी पानी आने के बावजूद लोगों को एक दिन छोड़कर पानी सप्लाय होता है। कई कॉलोनी-मोहल्ले ऐसे हैं जहां पर पूरी तरह से जलापूर्ति नहीं होती है। गर्मी के दिनों में हालत खराब हो जाती है, क्योंकि भीषण गर्मी बढऩे से नर्मदा नदी का जलस्तर नीचे ह्यचला जाता है। इसके साथ ही नदी- तालाब के सूखने से जलस्तर कम हो जाता है, वही बोरवेल के कठ सूखने लगते हैं। सार्वजनिक और प्रायवेट बोरवेल बंद हो जाते हैं। ऐसे में लोगों को पानी किल्लत झेलना पड़ती है। प्रायवेट टैंकर ठेके पर लगाने को लेकर निगम वर्कशॉप विभाग ने टेंडर जारी कर दिए है। ट्रैक्टर टैंकर से लेकर बड़े टैंकर डीजल, पाइप और नल सहित ठेके पर चलाने के टेंडर किए गए हैं, जिनकी क्षमता 5 से 15 हजार लीटर की है।

# मेट्रो में होगा आटोमेटिक फेयर कलेक्शन

## नेशनल कामन मोबिलिटी कार्ड भी होगा मान्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर - भोपाल- में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। निर्माण के साथ-साथ इसके संचालन से जुडे निर्णय भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में तय किया गया है कि दूसरे शहरों की तरह ही हमारी मेट्रो में आटोमेटिक फेयर कलेक्शन होगा। इसमें कार्ड पंच करते ही किराया कट जाएगा। इसके अलावा नेशनल कामन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) भी मान्य किया जाएगा, जिससे लोगों को काफी सहुलियत होगी। मेट्रो ट्रेन के इस साल अगस्त-सितंबर ट्रायल के बाद जब पूरी तरह से इसका ट्रैक बन जाएगा, तब यहां पर पूर्ण क्षमता के साथ संचालन होगा। इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है। यहां पर किस तरह की व्यवस्थाएं होंगी, इसे लेकर निर्णय लिए जा रहे हैं।

मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने बताया कि कोच का निर्माण वड़ोदरा में चल रहा है। अगले माह के अंत से कोच की डिलीवरी शुरू हो सकती है। दोनों शहरों में तीन कोच की ट्रेन चलेंगी। इसके किराए के लिए आटोमेटिक फेयर कलेक्शन वाला सिस्टम होगा। लोग डिजिटल पेमेंट भी कर सकेंगे। इसके अलावा यहा पर एनसीएमसी भी मान्य होगा। नेशनल कामन मोबिलिटी कार्ड को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लांच किया गया था। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के कामों में शुल्क भुगतान किया जा सकता है। इस कार्ड से मेट्रो, सिटी बस, उपनगरीय रेलवे, टोल, पार्किंग आदि का भुगतान कर सकते हैं।

### अखंड रामायण पाठ से हुई हनुमान जन्मोत्सव की शुरूआत

इंदौर । नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ के साथ दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुरूआत हो गई है। महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में सुंदर काण्ड का हवन,महाआरती और भंडारा के कार्यक्रम होगे। श्रीराम दरबार में बुधवार दोपहर को अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया।इस मौके पर बलराम दास खाकी, मीना राणा शाह,दिनेश दुबे, महेश पाल विशेष रूप से उपस्थित थे। हनुमानजी को सिंदूर से शृंगार कर चोला चढ़ाया गया और पूरे परिसर को नए सिरे से श्रंगारित किया गया। गुरुवार सुबह 6 बजे महाआरती होगी,उसके बाद सुंदरकांड की चौपाईयो का हवन होगा।शाम को महाआरती के बाद विशाला भंडारा होगा।

## नवागत निगमायुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह ने किया पदभार ग्रहण

### निगमायुक्त द्वारा महापौर से की सौजन्य भेंट

**इंदौर। नवागत निगमायुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह ने नगर निगम इंदौर में निगम मुख्यालय आयुक्त कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात महापौर पुष्यमित्र भार्गव से महापौर सभाकक्ष में सौजन्य भेंट की गई एवं निगम से संबंधित विषयो पर चर्चा भी की गई।**

आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात निगम अधिकारियो से परिचय किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि कोई भी व्यक्ति बिना टीम के कार्य नही कर सकता है, आप सभी मेरी टीम के सदस्य है, शासन की योजनाओ का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियो को दिला सके, इसके लिये हम सभी को कार्य करना है, छोटी से छोटी समस्या का समाधान समय पर हो जावे, इसका भी ध्यान रखे। संभवतः मई के अंत तक स्वच्छ सर्वेक्षण होना है, हमारे पास अभी एक से देढ माह की अवधि है, इसी अवधि में हमें स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर कार्यवाही करना है। शासन की अभी महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना चल रही है, इसका लाभ सभी पात्र हितग्राहियो को पहुंचे इसके लिये विशेष कार्य करे। इस अवसर पर समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभाग प्रमुख व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## लघु रुद्र अभिषेक के साथ सुंदरकांड का पाठ

**इंदौर।** लोकमान्य नगर नवनिर्मित श्री मारुती देवस्थान हनुमान गढी पर तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन के अंतर्गत आज दूसरे दिन हनुमान जी का अभिषेक पवित्र तीर्थों के जल से तथा फलों के रसों से आथंग स्नान कराया गया एवं लघु रूद्र का पाठ संपन्न हुआ । उपस्थित सभी भक्तों ने भक्ति भाव में हनुमान जी की आराधना करी। अनेक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में इस भव्य अनुष्ठान का में भाग लिया। सायंकाल को प्रमोद चौहान द्वारा सुश्राव्य सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव संघ के नेता बंडू जी वैशंपायन उषा ठाकुर पूर्व पार्षद पराग लौंडे अतुल जोशी ललित मोरे विश्वास खेर मनु भैया लोकरे अबू काका दीपक भैया पींगे टाइगर कोतवाल आदि उपस्थित थे।

# लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को बाणगंगा की तरफ से भी विकसित करें

### सांसद शंकर लालवानी ने की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के रेल इन्फ्राट्रक्चर को बेहतर करने एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए सांसद शंकर लालवानी ने एक बड़ी पहल की है। सांसद लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को बाणगंगा क्षेत्र की तरफ से विकसित करने का अनुरोध किया है।

सांसद लालवानी ने रेल मंत्री को बताया कि इंदौर भारत की सबसे तेजी से बढ़ते हुए शहरों में से एक है और वर्तमान में इंदौर एवं पार्क रोड स्टेशन को विकसित करने का प्लान है। इसके साथ ही लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के विकास की भी योजना बन रही है। साथ ही, आने वाले समय की जरूरतों को देखते हुए लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को बाणगंगा क्षेत्र की तरफ से भी विकसित किया जाना चाहिए। सांसद लालवानी ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर बाणगंगा की तरफ भी प्लेटफार्म, स्टेशन की मूलभूत सुविधाएं एवं पहुंच मार्ग बना दिया जाए तो इस तरफ रहने वाले करीब 5 लाख लोगों को स्टेशन जाने के लिए 5 किलोमीटर का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे सड़क पर वाहनों का अनावश्यक दबाव कम होगा। साथ ही, लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर भी एक ही तरफ बोझ नहीं बढ़ेगा। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंदौर को कई सौगातें दी है।

आज रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को बाणगंगा की तरफ से विकसित करने के लिए पत्र दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को इस पर सर्वे करने के लिए निर्देश दिए दिया है। सांसद शंकर लालवानी की ये पहल इस पूरे क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभा सकती है और लाखों यात्रियों को सहूलियत होगी।

दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 266 | इंदौर, गुरुवार 06 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सब सुख लहै तुम्हारी सरना तुम रक्षक काहू को डरना

## शहरभर के मंदिरों में भव्य सजावट के बीच हनुमानजी के जन्मोत्सव का उल्लास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




**इंदौर**। श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव शहर के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जा रहा है। विशेष तौर पर हनुमान मंदिरों को सजाया गया है और उनमें आयोजन किए जा रहे हैं। गुरुवार को सभी मंदिरों में सुंदर कांड पाठ और हनुमान चालीसा के साथ महावीर बजरंग बली के जयकारे गूंज रहे हैं। हनुमान चालीसा की- सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डर ना... पंक्तियों के साथ श्रद्धालु हनुमान जी और रामजी के जयकारे मंदिरों में लगाएं। भगवान को मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर रहे हैं। साथ ही शहर भर में भजन संध्या और भंडारे भी होंगे। सुबह सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर में आरती की गई।

पंचकुईया स्थित वीर बगीची में बुधवार को बाल ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज एवं विद्वान पंडितों की मौजदूगी में मंत्रो'चार के बीच वीर अलीजा सरकार का 11 प्रकार के फलों के रस के साथ विभिन्न प्रकार की औषधियों, दूध, दही, घी, शक्कर, पानी व केसर से महाअभिषेक किया गया।

शाम 5 बजे महाआरती कर भगवान को छप्पन भोग समर्पित किए जाएंगे। 25 प्रकार के विभिन्न किस्मों के फूलों से फूल बंगला भी सजाया जाएगा। वीर बगीची स्थित कैलाश मार्ग (तीर्थक्षेत्र) में भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। भंडारे में 50 हजार से अधिक भक्त महाप्रसादी ग्रहण करेंगे।

### रणजीत हनुमान मंदिर में दक्षिण भारतीय शैली में आजंनेय कोट्टारं

शहर के वर्षों पुराने रणजीत हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई है। रणजीत हनुमान मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़। यहां आजंनेय कोट्टारं सजाया गया है। यह दक्षिण भारतीय मंदिर का स्वरूप है। इससे पहले भी हनुमानवाड़ा, रणजीत बाबा का राज-घराना नाम से सजावट की गई।

### दास बगीची में 20 हजार लोगों का भंडारा

पंचकुईया स्थित श्रीदास हनुमान बगीची में 20 हजार लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। मुख्य पुजारी देवेंद्र तिवारी के सान्निध्य में गुरुवार को अभिषेक पूजन के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुरुआत हुई। सुबह दास हनुमान जी का विभिन्न प्रकार के फलों के रस से अभिषेक किया गया। शाम 6 बजे 56 भोग एवं महाआरती की जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। श्रीदास हनुमान बगीची जय सियाराम बाबा स्मृति धार्मिक एवं सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट के कैलाश कुसुमाकर एवं सुनील कुमार ओझा ने बताया कि शाम 6 बजे दर्शन-पूजन व महाआरती की व्यवस्था के पश्चात 7 बजे से भंडारे की शुरुआत होगी, जो अंतिम भक्त के आने तक निरंतर जारी रहेगा।

### पितरेश्वर हनुमान को दाल-बाटी और चूरमे का महाभोग

शहर के पितृपर्वत पर विराजित पितरेश्वर हनुमान के दरबार में हनुमान जयंती का उल्लास छाया। यहां भगवान के प्रिय दाल-बाटी और चूरमे का महाभोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्त भाग लेंगे। लाइट एंड साउंड शो भी होगा। प्रबंधक महेश दलोत्रे ने बताया कि सुबह श्रृंगार और विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद महाआरती होगी। भंडारा शाम को होगा।

### जगह-जगह होगा हनुमान चालीसा का पाठ

सालासर हनुमान हरिराम बाबा मंदिर राधानगर में महाआरती और छप्पन भोग लगेगा। पं. श्याम शर्मा के अनुसार, आकर्षक चोला अर्पित कर अंगूल वाटिका सजाई जाएगी।

सार्वजनिक बाल हनुमान मंदिर जयहिंद नगर बाणगंगा में हनुमान जयंती पर सुबह मूर्ति का श्रृंगार और 10 अखंड रामायण पाठ होगा। समिति के प्रतीक पटेल के अनुसार, अगले दिन 7 अप्रैल को रात 8 बजे से भजन संध्या होगी।

रणजीत सरकार भक्त मंडल की ओर से मंगल सिटी के पास स्थित मैदान पर सुंदरकांड का पाठ और महाप्रसादी वितरण शाम 7 बजे से होगा। लखन धामेलिया ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड होगा।

बड़ा गणपति के प्राचीन हंसदास मठ पर पंचमुखी चिंताहरण हनुमान का शाम 6 बजे विधि-विधान से अभिषेक होगा। पं. पवन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अभिमंत्रित कवच का वितरण होगा।

गीता भवन ट्रस्ट की ओर से गीता भवन में गुरुवार को सुबह हनुमान मंदिर में श्रृंगार और महाआरती की होगी। संयोजक संजय मंगल के अनुसार, महाआरती जगदगुरु रामनरेशाचार्य के सान्निध्य में होगी।

श्रीविद्याधाम एरोड्रम रोड पर सुबह और शाम हनुमानजी की आरती होगी। पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि रात 8 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का पाठ होगा।

बड़े रणजीत हनुमान मंदिर समाजवाद नगर में महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस अवसर पर शाम 7 बजे सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा, साथ ही बड़े रणजीत का आकर्षक श्रृंगार भी होगा।

माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र इंदौर की ओर से हनुमान मंदिर गीता भवन पर सवामनी भोग लगाया जाएगा। मंत्री मधुरम राठी के अनुसार शाम को सुंदरकांड का पाठ होगा।

मेहंदीपुर बालाजी धाम मंदिर नायता मुंडला चौराहा पर रुद्राभिषेक और छप्पन भोग दर्शन होंगे। भजन संध्या और भंडारा शाम 7 बजे आयोजित किया जाएगा।

वैभव नगर दुर्गा माता मंदिर के हनुमान मंदिर में सुबह अभिषेक पूजन किया जाएगा। महाआरती होगी। ट्रस्ट के भरत गोस्वामी और राजेंद्र नागर ने बताया कि शाम 7 बजे सुंदरकांड का पाठ होगा।

# 'महाकाल योजना' का काम समय से पिछड़ा

## जुलाई तक प्रोजेक्ट पूरे होना मुश्किल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर परिसर विस्तार एवं विकास योजना का काम समय से काफी पिछड़ गया है। जुलाई- 2023 तक प्रोजेक्ट पूरे होना मुश्किल दिखाई पड़ रहे हैं। मुख्य वजह, निर्माण एजेंसी स्मार्ट सिटी कंपनी के अधीक्षण यंत्री द्वारा बार-बार ड्राइंग-डिजाइन, सामान (आइटम) बदलना और स्वीकृति काफी विलंब से जारी करना है। इसका असर भविष्य में प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने के रूप में भी दिखाई पड़ सकता है। फिलहाल की स्थिति यह है कि पिछले वित्तीय वर्ष में उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी की वित्तीय कार्य प्रगति 20 प्रतिशत भी नहीं रही है। इसका फायदा मासिक वेतन पर काम कर रही परियोजना विकास एवं प्रबंधन का काम देख रही सलाहकार फर्म 'आईपीइ ग्लोबल' को मिल रहा है। काम समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा हों, इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को प्रोजेक्ट स्थलों का मौका मुआयना किया और काम तेजी से करने के निर्देश दिए।



### अफसरों को समय पर काम करने की चिंता

मालूम हो कि महाकाल मंदिर परिसर विस्तार एवं विकास योजना के दूसरे चरण काम पिछले वर्ष इसी माह शुरू किए गए थे। तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने 8 अप्रैल 2022 को हुई समीक्षा बैठक में महाराजवाड़ा भवन उन्नयन, शिखर दर्शन, अन्न क्षेत्र, रामघाट सुंदरीकरण कार्य, रूद्र सागर पर पैदल ब्रिज निर्माण, हरिफाटक ब्रिज के छोर पर मेघदूत वन और सरफेज पार्किंग विकास योजना सहित सभी कार्य जून- 2023 तक पूर्ण कराने के निर्देश स्मार्ट सिटी कंपनी और आईपीइ ग्लोबल को दिए थे। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट स्थल पर टाइमर बोर्ड लगवाए थे, ताकि ठेकेदार और अफसरों को समय पर काम पूर्ण कराने की चिंता रहे। बोर्ड लगे, मगर निर्माण की गति धीमी रही। क्योंकि धरातल पर काम करने के लिए बार-बार संशोधित की गई ड्राइंग-डिजाइन ठेकेदारों को विलंब से दी गई। कुछ की संशोधित ड्राइंग-डिजाइन तो अब भी नहीं मिली है। बीच में कुछ सप्ताह काम ठेकेदारों के पुराने बिलों का भुगतान अटकाने से भी रूका रहा। ये मामला संज्ञान में आने पर नवागत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ठेकेदारों के लंबित बिलों का भुगतान कराया। 12 दिन पहले स्मार्ट सिटी कंपनी के कार्यकारी निदेशक रोशन कुमार सिंह ने काम को गति देने के लिए प्रत्येक प्रोजेक्ट के ठेकेदार से अलग-अलग चर्चा की। उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण का आश्वासन दिया, पर निराकरण नहीं हुआ। बुधवार को कलेक्टर महाकाल योजना के प्रोजेक्ट स्थलों का निरीक्षण करेंगे, ये जानकारी मंगलवार को समर्ट सिटी कंपनी के अफसर को मिलने पर ठेकेदारों को मौखिक आदेश जारी हुआ कि काम चालू है ये दिखाने को "मशीनरी' लगाओं। ड्राइंग-डिजाइन न होने पर भी काम कैसे करे, इस पीड़ा से जुझते हुए भी ठेकेदारों ने आदेश का पालन किया। यही 'नौटंकी' ठेकेदारों ने बीते सप्ताह कार्यकारी निदेशक रोशन कुमार सिंह के निरीक्षण के दरमियान भी की थी।

### महाकाल सवारी मार्ग चौड़ीकरण के लिए दोबारा निकालना पड़ी निविदा

महाकाल सवारी मार्ग चौड़ीकरण के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी को दोबारा निविदा निकालना पड़ी है। कारण, निविदा में सिर्फ एक ही ठेकेदार फर्म की प्रतिभागिता मिलना रही। उन ठेकेदारों ने निविदा में भाग ही नहीं लिया जिनके पास पहले से स्मार्ट सिटी कंपनी के प्रोजेक्ट है। बता दे कि रामघाट से जुड़े कुल 800 मीटर लंबे तीन महाकाल सवारी मार्गों को मार्गों को स्मार्ट सिटी कंपनी चौड़ा करना चाह रही है। ये मार्ग माधव सेवा न्यास से चौबीस खंभा माता मंदिर तक, रामघाट से झालरिया मठ और बंबईवाला धर्मशाला तक चौड़ा किया जाना है। मार्ग चौड़ीकरण और निर्माण पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर जुलूस निकालने पर तनातनी

## ग्वालियर में सड़क पर चली गोली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस का सबसे ज्यादा फोकस लश्कर के आपा गंज क्षेत्र पर है। जहां तना तानी की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि हिंदू संगठन यहां से जुलूस निकालने पर अड़े हैं, लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति जारी नहीं की है। क्योंकि कुछ समय पूर्व यहां हनुमान जयंती पर निकले जुलूस के दौरान उपद्रव हो गया था। इसके बाद से यहां से जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। अभी से लेकर पुलिस प्रशासन और हिंदू संगठन आमने-सामने आ गए हैं। उधर गेंडे वाली सड़क पर एक युवक को टारगेट पर गोलियां चलाई गईं। इस घटना के बाद गेंडे वाली सड़क पर अभी पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। क्योंकि यहां भी कई बार दो वर्ग आमने सामने आ चुके हैं।

हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई है। हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर नदी गेट, खेड़ापति हनुमान मंदिर, गरगज हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर बहोड़ापुर, द्वारकाधीश मंदिर, महाबली हनुमान मंदिर सिटी सेंटर व अन्य हनुमान मंदिरों में सुबह से भीड़ लगी हुई है। यह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। देर रात ग्वालियर जोन के एडीजी डी श्रीनिवास वर्मा ने बैठक ली। इसमें आपा गंज में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। देर रात गेंडे वाली सड़क पर रहने वाले सचिन राजपूत पर 4 युवकों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। उल्लेखनीय है कि इस बार भी हनुमान जयंती के जुलूस को आपागंज से निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। इसे लेकर भाजपा नेता जयभान सिंह पवैया ने भी ट्विट किया है। हालांकि आपागंज में रात से ही पुलिस बल तैनात था। फिर भी फायरिंग हो गई। पुलिस आरोपित को तलाश रही है।

# पटवारी भर्ती में आधार कार्ड में ही साल्वर के थंब इंप्रेशन फीड कर फर्जीवाड़े की थी तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जीवाड़े के लिए बदनाम होते ग्वालियर के थाटीपुर का रहने वाला कियोस्क सेंटर संचालक पटवारी भर्ती परीक्षा फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड निकला है। उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर मूल परीक्षार्थी के आधार कार्ड में ही साल्वर के थंब इंप्रेशन फीड कर साल्वर को परीक्षा में बैठाने की तैयारी कर ली थी। लेकिन इससे पहले ही वह और उसके तीन साथी पकड़े गए। आगरा का एक साल्वर भी पकड़ा गया है, जिसके थंब इंप्रेशन की क्लोनिंग कर परीक्षार्थी के आधार कार्ड में फीड करने की तैयारी थी। इस मामले में अंततः तीन दिन बाद क्राइम ब्रांच ने एफआइआर दर्ज कर ली।**

कियोस्क सेंटर, साल्वर सहित चार लोगों पर एफआइआर दर्ज की गई है। इन लोगों को एफआइआर दर्ज करने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने कोर्ट में पेश किया, यहां से इन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने कियोस्क सेंटर संचालक और उसके एक साथी पर एफआइआर दर्ज की है, जबकि साल्वर और एजेंट का नाम मेमोरेंडम में बढ़ाया है। क्योंकि इन्हें कियोस्क सेंटर से गिरफ्तार नहीं किया गया था। एएसपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि चारों आरोपितों से अभी पूछताछ चल रही है। इनके लैपटाप जब्त कर लिए गए हैं। इसकी पड़ताल सायबर एक्सपर्ट से करवाई जा रही है। साथ ही इनके आफिस की भी तलाशी ली जाएगी। जिससे यह पता लग सके कि इस तरह इन लोगों ने और कितने परीक्षार्थियों की जगह साल्वर बैठाए हैं। हालांकि अभी यह लोग मुंह खोलने को तैयार नहीं है। अभी इस मामले में और भी आरोपित पकड़े जा सकते हैं। क्योंकि पुलिस को जो इनपुट मिला है, उसके अनुसार पटवारी भर्ती परीक्षा शुरू होते ही यह गैंग सक्रिय हो गई थी। इस गैंग के कई एजेंट शहर में सक्रिय हैं।

### ● ये पकडे गए, यह रहा इनका रोल

1. वीरभान बंसल उम्र 34 वर्ष, निवासी शीतला मंदिर के पास, सुरेश नगर थाटीपुरः वीरभान बंसल कियोस्क सेंटर संचालक है। बंसल आफसेट के नाम से उसकी मयूर मार्केट में दुकान है। यही मास्टरमाइंड है, जो थंब इंप्रेशन के क्लोन बनाकर इसे मूल परीक्षार्थी के आधार कार्ड में बायोमैट्रिक मशीन के जरिये फीड कर रहा था। जिससे साल्वर का थंब प्रिंट परीक्षा के समय मैच हो जाए।
2. मनीष शर्मा उम्र 26 वर्ष, निवासी सबलगढ़ मुरैना, हाल निवासी शिवनगर कुम्हरपुरा थाटीपुरः यह मूल रूप से मुरैना का रहने वाला है। वीरभान बंसल का राइट हैं। यह तकनीकि रूप से स्ट्रांग है, लैपटाप के जरिये यही आधार कार्ड में हेरफेर का काम करता है।
3. कृष्णवीर, उम्र 28 वर्ष, निवासी आगराः यह साल्वर है। इसी के थंब इंप्रेशन का क्लोन माम और फेविकोल के जरिये तैयार किया गया था। 9 अप्रैल को जिस परीक्षार्थी की जगह यह बैठने वाला था, उसके आधार कार्ड में इसका फिंगरप्रिंट फीड किया जा रहा था। इसके थंब इंप्रेशन के तीन क्लोन मिले हैं।
4. रिंकू उम्र 25 वर्ष, निवासी मुरैनाः यह एजेंट है। जो वीरभान बंसल के कहने पर कोचिंग सेंटर के आसपास घूमकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को फंसाता था। उनकी जगह साल्वर बैठाकर परीक्षा पास कराने का झांसा देता था।

### ● ऐसे करते हैं फर्जीवाड़ा

यह लोग सबसे पहले साल्वर ढूंढते हैं। इसके बाद मूल परीक्षार्थी का आधार कार्ड लेते हैं, उसमें थंब इंप्रेशन ही बदल देते हैं। यह लोग साल्वर का थंब इंप्रेशन आधार कार्ड में फीड कर देते हैं। इससे जिस समय साल्वर परीक्षा देने जाता है तो वह बायोमैट्रिक पर थंब इंप्रेशन मैच हो जाता है।

# पेट्रोल पंप के कर्मी ने ही की थी लूट, 24 घंटे में पकड़ाया

**जबलपुर। मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवाई स्थित पेट्रोल पंप में लूट और हत्या का प्रयास करने वाला पेट्रोल पंप कर्मी ही था। आरोपित ने कुल्हाड़ी से पंप के चौकीदार पर जानलेवा वार किया और वहां से 65 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपित ग्राम सुनवानी निवासी छोटेलाल भूमिया उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए काम से छुट्टी ली थी। लेकिन पुलिस की जांच में उसने गुनाह कबूल कर लिया है। मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और 64 हजार 605 रुपये जब्त कर लिए। यह जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी ने दी।**

ज्ञात हो कि ग्राम सुनवानी में अनिल जैन का पेट्रोल पंप है। सोमवार रात पेट्रोल पंप बंद होने के बाद सभी कर्मचारी घर चले गए। सुरक्षा के लिए चौकीदार गणेश दाहिया वहां तैनात था। देर रात गणेश ऑफिस के बाहर वाले कमरे में सो गया। रात तीन बजे छोटेलाल नकाब पहनकर वहां पहुंचा। गणेश के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया। आरोपित ने आफिस में तोड़फोड़ की और काउंटर में रखे 65 हजार रुपये लूट लिए। जबकि दूसरे काउंटर में रखे तीन लाख 54 हजार रुपये पर छोटू की नजर नहीं पड़ी थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपित छोटू ने बताया कि छोटू भूमिया ने सोमवार रात फोन कर उसे काम पर न आने की बात कही थी। पुलिस टीम ने छोटू समेत सभी कर्मचारियों से पूछताछ की।

### कांच लगने से हुआ था घाव

पेट्रोल पंप में तोड़फोड़ के दौरान छोटू के पैर में कांच लग गया था। पुलिस को पंप में जांच के दौरान खून लगा हुआ कांच मिला था। पुलिस ने छोटू का पैर देखा, तो उसमें कांच से कटने का निशान था। पूछताछ में पहले तो छोटू ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन फिर जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने लूट और हत्या की कोशिश की वारदात को अंजाम देने की बात मान ली। उसके द्वारा घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और लूट की रकम भी पुलिस ने बरामद कर ली।

# संपादकीय

## उलझा हुआ बयान

हाल में चीन ने भारत के सीमाई इलाकों में जिस तरह की हरकतें की हैं, उसे वह औपचारिक शक्ल देने की फिराक में है और दूसरे देशों को भी अपने प्रभाव में लेना चाहता है। शायद इसी संजाल की वजह से भूटान के प्रधानमंत्री ने हाल ही में अपने एक साक्षात्कार में डोकलाम को लेकर एक उलझा हुआ बयान दिया था। उन्होंने भूटान के सीमावर्ती इलाकों में चीन की ओर से गांव बसाने के मसले पर भी कहा कि कोई अतिक्रमण नहीं हुआ। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और भूटान के बीच सदियों से मधुर संबंध रहे हैं और अच्छे पड़ोसी होने के नाते दोनों देशों में कई स्तर पर आपसी सहयोग पर आधारित तालमेल लंबे समय से कायम रहा है। लेकिन नई परिस्थितियों में दुनिया भर में बदलते समीकरण के दौर में ऐसे रिश्तों को मजबूती देने के लिए नए कार्यक्रमों पर जोर देना, उसमें स्पष्टता लाना समय की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखें तो मंगलवार को नई दिल्ली में भूटान के राजा और भारत के प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान आपसी संबंधों को दृढ़ करने को लेकर जिस तरह नीतिगत स्तर पर बातचीत आगे बढ़ी, वह एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। खासतौर पर दोनों देशों के बीच सुरक्षा के मुद्दे पर तालमेल बढ़ाने पर जो सहमति बनी और 'पहले से ही घनिष्ठ संबंधों0 को विस्तार देने के मकसद से पांच सूत्रों पर आधारित रूपरेखा तैयार की गई, वह निश्चित रूप से भारत और भूटान के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। यों भी भारत में भूटान को लेकर अतीत में कभी कोई द्वंद्व नहीं रहा है। यह भारत का हमेशा ही करीबी सहयोगी रहा है। बल्कि पिछले कुछ सालों में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर दोनों देशों के बीच काफी प्रगति हुई है। दरअसल, भारत में मौजूदा सरकार ने 'पड़ोसी प्रथम की नीति0 की तरजीह दिया है। इसी के तहत भारत एक परस्पर सहयोगी पड़ोसी और नजदीकी मित्र के रूप में भूटान को महत्त्व देता रहा है। औपचारिक सद्भावनाओं और कार्यक्रमों के जरिए संबंधों में मजबूती को पुष्टि मिलती है। मगर भारत ने अपनी ओर से नीतिगत स्तर पर परस्पर सहयोग आधारित नीति ही अपनाई है, जिसमें एक दूसरे की गरिमा को कायम रखना एक अहम पक्ष होता है।

## धर्म-कर्म

# हनुमान जयंती पर भूलकर भी न करें ये 7 गलतियां, अशुभ होंगे परिणाम

हनुमान जयंती का त्योहार आने वाला है। हनुमान जयंती चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाई जाती है। हनुमान जयंती बजरंगबली के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। इस बार यह त्योहार 6 अप्रैल दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। हनुमान जयंती पर बजरंगबली की पूजा-अर्चना से जीवन में बड़े से बड़ा संकट दूर हो सकता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हनुमान जयंती के दिन कुछ गलतियां करने से बचना चाहिए।

### सूतक काल में पूजा

हनुमान जी की पूजा कभी भी सूतक काल में नहीं करनी चाहिए। सूतक काल न सिर्फ ग्रहण से 12 घंटे पहले लगता है, बल्कि घर में किसी की मृत्यु हो जाने पर भी यह मान्य होता है। किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर घर में 13 दिन के लिए सूतक काल लग जाता है। इस अवधि में हनुमान जी की पूजा वर्जित होती है।

### स्त्रियों का स्पर्श

हनुमान जयंती के दिन स्त्रियों को छूने या स्पर्श करने से बचना चाहिए। इस दिन ब्रह्मचर्या का बड़ी सख्ती से पालन किया जाता है। कहते हैं कि भगवान हनुमान स्वयं स्त्रियों के स्पर्श से बचते थे। अगर कोई महिला घर के मंदिर में पूजा कर रही है तो उन्हें भी बजरंगबली की प्रतिमा का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

### चरणामृत से स्नान

बहुत कम लोग ये बात जानते होंगे कि हनुमान जी की पूजा में कभी चरणामृत का प्रयोग नहीं किया जाता है। हनुमान जयंती पर बजरंगबली को चरणामृत से स्नान कराने से बचना चाहिए। उनकी पूजा में चरणामृत चढ़ाने का विधान नहीं है।

### काले-सफेद वस्त्र न पहनें

बजरंगबली की पूजा करते समय भूलकर भी काले या सफेद रंग के वस्त्र धारण न करें। इसके परिणाम बहुत ही अशुभ हो सकते हैं। हनुमान जी की पूजा केवल और केवल लाल रंग के वस्त्र पहनकर करनी चाहिए।

### टूटी या खंडित प्रतिमा

हनुमान जयंती पर पूजा के लिए बजरंगबली की टूटी हुई या खंडित प्रतिमा का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। अगर आपके घर के मंदिर में बजरंगबली की ऐसी कोई प्रतिमा है तो उसे फौरन हटा दें। बेहतर होगा कि ऐसी प्रतिमा को आप जल प्रवाहित कर दें।

### नमक से परहेज

हनुमान जयंती के दिन आपको नमक के सेवन से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा, आपको उन चीजों से भी परहेज करना चाहिए, जो इस दिन आपने दान में दी हों। हनुमान जयंती का उपवास रखने वालों को दिन में नहीं सोना चाहिए।

### मांस मदिरा

हनुमान जयंती के दिन मांस-मदिरा के सेवन से बचना चाहिए। शारीरिक संबंध बनाने से बचें। क्रोध में आकर किसी को अपशब्द ना कहें। द्वार पर आए लोगों का अपमान न करें।

# कैसे पड़ा मारुति का नाम हनुमान? बेहद रोचक है ये किस्सा

भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी का जन्मोत्सव चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है. चैत्र पूर्णिमा 5 अप्रैल को सुबह 09.19 से 6 अप्रलै 2023 को सुबह 10.04 मिनट तक रहेगी. पंचांग के अनुसार हनुमान जयंती 6 अप्रैल 2023 के दिन मनाई जाएगी. हनुमान जयंती के दिन बजरंगबली के अलग-अलग रूपों की पूजा होती है. धार्मिक मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी के 108 नामों का जाप करने से भय, कष्ट, दरिद्रता दूर होते हैं. बजरंगबली का सबसे प्रसिद्ध नाम हनुमान है लेकिन क्या आप जानते हैं वानरराज केसरी और माता अंजनी के पुत्र मारुति का नाम हनुमान कैसे पड़ा, इसके पीछे बेहद रोचक कहानी है आइए जानते हैं.

### कैसे पड़ा मारुति का नाम हनुमान?

पौराणिक कथा के अनुसार हनुमान जी के बचपन का नाम मारुति है. मारुति बालपन से ही बहुत शक्तिशाली थे. बालअवस्था में एक बार नींद से जागने पर मारुति को बहुत भूख लगी. उन्हें पेड़ पर  की आड़ में एक लाल फल दिखाई दिया. भूख मिटाने के लिए मारुति को वह फल खाने की लालसा हुई. उन्होंने उसे निगल लिया. इसके बाद पूरे संसार में अंधेरा छा गया दरअसल मारुति को जो लाल फल लग रहा था वो कोई और नहीं बल्कि स्वंय सूर्यदेव थे.

### फल समझकर सूर्य को निगल गए मारुति

सूरज को निगले के बाद सृष्टि अंधकार में डूब गई, देवता से लेकर मानव सभी परेशान हो गए. तब सभी देवताओं ने मारुति से सूरज को बाहर उगलने की विनती की लेकिन मारुति ने अपने बाल हठ में किसी की न सुनी. आखिर में विवश होकर भगवान इंद्र को अपना व्रज उठाना पड़ा. इंद्र देव ने अपने व्रज से मारुति के हनु यानी ठोड़ी पर प्रहार किया, जिससे हनुमान जी का हनु टूट गया. इसके कारण ही उनका नाम 'हनुमान' पड़ गया. हनुमान चालीसा में भी इस घटना का जिक्र किया गया है.

## Highlights

1. Hanuman Jayanti rally allowed within certain area in Jahangirpuri
2. Stones pelted at new Vande Bharat train in Andhra cause damage worth ₹1 lakh
3. Hindu temple defaced in Canada; police release video of two suspects
4. Woman carrying rifle enters Trump Tower; building locked down
5. Amazon to cut employee stock awards amid uncertain economy
6. Apple CEO Cook likely to visit India for 1st store launch: Report
7. ₹11,187 cr electronics production proposals passed till Mar: Govt
8. Lloyd was extrovert: Man whose brother died after brawl in B'luru

# TDS on salary? IT dept says employers should first ask...

**NEW DELHI, (Agency).** The Income Tax Department on Wednesday said employers will have to seek details from employees about their preference for tax regime in the current fiscal and deduct TDS accordingly.

In case an employee does not intimate his/her employer about the preferred tax regime, then the employer would be required to deduct TDS from salary income as per the new revamped tax regime announced in Budget 2023-24. Individual taxpayers have the option to select whether they want to be in the old tax regime, which provides for exemptions and deductions or switch to the new tax regime which offers low tax rates but no exemptions.

The Budget 2023-24 unveiled on February 1 tweaked the optional exemption-free tax regime, which is available under section 115BAC of the I-T Act to push salaried-class taxpayers to switch to the new tax regime. The revamped concessional tax regime was made the default regime for an individual taxpayer. The Central Board of Direct Taxes (CBDT) on Wednesday issued a clarification about Tax Deducted at Source (TDS) deduction by employers in the current fiscal. "...a deductor, being an employer, shall seek information from each of its employees...regarding their intended tax regime and each such employee shall intimate the same to the deductor, being his employer, regarding his intended tax regime for each year and upon intimation, the deductor shall compute his total income, and deduct tax at source thereon according to the option exercised," the CBDT said.

# Forbes' billionaire list 2023: Elon Musk loses top spot to Bernard Arnault

**NEW DELHI, (Agency).** Bernard Arnault, chairman of French luxury goods company LVMH, became the world's richest person, replacing Tesla boss Elon Musk, whose net worth slipped by about $39 billion in the past year to $180 billion, according to the Forbes' annual 'World's Billionaire's List 2023.

The French luxury goods tycoon estimated current net worth has increased by more than $50 billion in the past year to $211 billion. Arnault and Elon Musk frequently switch positions on Forbes' list of 'Real-Time Billionaires'.

According to Forbes, Musk's fortune has decreased since his $44 billion purchase of Twitter, which was financed with Tesla shares, concerning investors and causing Tesla stock to drop drastically last year. Tesla recovered a good portion of those losses this year but is still far lower than it was before Musk purchased Twitter.

Tesla shares have decreased by 50% since Elon Musk took control of Twitter a year ago, according to Forbes. According to the magazine, SpaceX is a success for Musk because its valuation climbed by $13 billion to $140 billion over the previous year.

New Delhi

# देश में कोरोना के मामलों ने पकड़ी रफ्तार, 24 घंटे में आए पांच हजार से ज्यादा केस



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में कोरोना के मामलों ने रफ्तार पकड़ ली है। बताया जा रहा है कि पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना के पांच हजार से ज्यादा यानी 5,335 मामले सामने आए हैं। इसी के साथ देश में सक्रिय मामलों की संख्या 25,587 हो गई है। इससे एक दिन पहले 163 दिन बाद चार हजार से ज्यादा लोग एक दिन में कोरोना संक्रमित मिले थे।

बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि मंगलवार को देश में 4,435 लोग संक्रमित पाए गए। इसी के साथ सक्रिय केस की संख्या 23,091 पहुंच गई है। संक्रमण से 15 लोगों ने जान गंवा दी थी। महाराष्ट्र और केरल में चार-चार और छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पुडुचेरी व राजस्थान में एक-एक कोरोना संक्रमित की मौत हुई थी। अब तक संक्रमण के चलते कुल पांच लाख 30 हजार 916 मौतें हो चुकी हैं। कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर केंद्र सरकार के इम्पॉवर्ड ग्रुप एक की बैठक में इन्साकॉग ने कहा कि देश में 38 फीसदी संक्रमण प्रसार के पीछे वायरस का नया स्वरूप जिम्मेदार है। इन्साकॉग ने बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय और नीति आयोग के शीर्ष अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी गई। इसमें बताया गया कि ओमिक्रॉन और इसके उप स्वरूप देश में प्रमुख रूप से बने हुए हैं। इसके चलते संक्रमण दर में इजाफा हुआ है विशेष रूप से देश के पश्चिमी, दक्षिणी और उत्तरी भागों में देखा गया है।

इन्साकॉग के मुताबिक, वायरस का एक नया स्वरूप एक्सबीबी.1.16 को भारत के विभिन्न हिस्सों में देखा गया है, जो आज तक संक्रमण के 38.2% के लिए जिम्मेदार है।

Delhi NCR

# पेड़ से लटकाया फिर नीचे आग जलाकर तपाया, चोरी के आरोपी को तालिबानी सजा; वीडियो वायरल

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** शिकोहाबाद के डिवाइची के ग्राम प्रधान की दबंगई से हर कोई हैरत में पड़ गया। गांव के एक युवक पर प्रधान ने चोरी का आरोप लगाकर तालिबानी सजा दे दी। उसे पेड़ से बांधकर लटकाया और नीचे आग से तपाया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर छह पर दर्ज कर आरोपी प्रधान को जेल भेज दिया। मुकेश कुमार पुत्र भूपाल सिंह निवासी डिवाइची ने थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि 28 मार्च की सुबह साढ़े नौ बजे प्रधान विष्णुदयाल अपने साथ आठ लोगों के साथ उसके घर में घुस आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। फिर उसे घर से खींच कर गांव के बाहर ले गए। यहां जान से मारने की नीयत से गले में रस्सी बांध कर तथा हाथ-पैर बांध कर पेड़ पर लटका दिया। नीचे जिंदा जलाने की नीयत से आग जला दी। जिससे वह अचेत हो गया। दबंग प्रधान पीड़ित मरा हुआ समझ कर छोड़ कर भाग गए। जब मामले की इसकी जानकारी उसके बहनोई अमित को हुई तो उसे अचेतावस्था में एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।



Uttarpradesh

# कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य को बम से उड़ाने की धमकी, चिट्ठी में लिखा- तुम्हे बर्बाद करने वृंदावन आए हैं

**मथुरा, (एजेंसी)** विश्व विख्यात कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। महाराष्ट्र के किसी आतंकी संगठन की ओर से धमकी भरा पत्र मिलने के बाद आश्रम के संचालकों में हड़कंप है। आश्रम संचालकों के द्वारा वृंदावन कोतवाली में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इधर पुलिस ने आश्रम के सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, जिससे कोई विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है। कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य इन दिनों मध्य प्रदेश के इंदौर में कथा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार को किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा संत कालोनी स्थित कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य के गौरी गोपाल आश्रम के ऑफिस में बंद लिफाफा रख दिया। जब आश्रम के कर्मचारियों ने लिफाफा खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए।



Tamil Nadu

# पत्नी के गम में ट्रांसफार्मर पर चढ़ा पति, पकड़ा बिजली का तार

**तिरुवल्लूर, (एजेंसी)** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर से रोंगटे खड़े करने वाला वीडियो सामने आया है. पत्नी के छोड़कर जाने से दुखी पति ने आत्महत्या का प्रयास किया. नशे में धुत पति ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया हाई वोल्टेज तार को पकड़ लिया. तार छूते ही तेज चिंगारी निकली और युवक जमीन पर आ गिरा. गंभीर रूप से झुलसे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

दरअसल, घटना बुधवार को तिरुवल्लूर के चिन्नमंगोडु में हुई. घरेलू झगड़े के बाद 33 साल के धर्मदुराई की पत्नी रोजा ने उसे छोड़ दिया था और पति से अलग होकर वह रेड्डीपलायम गांव में रहने लगी थी. पत्नी के जाने के बाद से धर्मदुराई बहुत परेशान चल रहा था. धर्मदुराई का मानना था कि उसके साले पत्नी को भड़का रहे हैं. वह कई बार पत्नी के भाइयों के शिकायत करने के लिए अरमबक्कम पुलिस थाने गया. उसका पुलिस से कहना था कि पत्नी रोजा को वापस लाया जाए. वह पत्नी के साथ रहना चाहता है.

बुधवार को भी वह अपनी इसी मांग को लेकर अरमबक्कम पुलिस थाने पहुंचा था. वह नशे में धुत था, इसलिए पुलिसकर्मियों ने उसे थाने के प्रतीक्षालय में बैठने का बोल दिया. मगर, वहां बैठने की जगह धर्मदुराई थाने से निकलकर सामने लगे बिजली के ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया.

खेल

# धोनी-रैना सहित पांच भारतीयों को एमसीसी की आजीवन मानद सदस्यता

● 19 क्रिकेटरों को मिला सम्मान



**लंदन, (एजेंसी)** क्रिकेट के मक्का लॉर्ड्स के क्रिकेट मैदान पर स्थित प्रतिष्ठित मेरिलिबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी समेत पांच भारतीय क्रिकेटरों को अपनी आजीवन मानद सदस्यत प्रदान की है। धोनी के अलावा युवराज सिंह, सुरेश रैना, मिताली राज और झूलन गोस्वामी को यह सम्मान दिया गया है। एमसीसी के सीईओ गाई लेवंडर ने कुल 19 क्रिकेटरों को यह सदस्यता उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दिए गए योगदान को ध्यान में रखकर दी। सदस्यता पाने वालों में दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन, इंग्लैंड के केविन पीटरसन, ऑएन मॉर्गन, पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज, बांग्लादेश के मशरफी मुर्तजा और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर प्रमुख हैं।

क्लब की क्रिकेट समिति आजीवन सदस्यता के लिए खिलाड़ियों के नामांकन को 'खेल के कुछ महान खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय करियर' की मान्यता के रूप में मानती है। सदस्यता उन व्यक्तियों को भी दी जाती है जिन्होंने क्लब या खेल में असाधारण योगदान दिया है। पांच भारतीय खिलाड़ियों को मानद जीवन सदस्यता के साथ मान्यता दी गई है। झूलन गोस्वामी, जिन्होंने पिछले साल लॉर्ड्स में इंग्लैंड बनाम भारत महिला वन-डे इंटरनेशनल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी हैं, जबकि मिताली राज 211 पारियों में 7,805 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। नोट में कहा गया "एमएस धोनी और युवराज सिंह दोनों भारतीय टीम के अभिन्न अंग थे, जिसने 2007 आईसीसी टी20 विश्व कप और 2011 आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप जीता था और सुरेश रैना ने 13 साल के करियर में 5,500 से अधिक वनडे रन बनाए थे।" एमसीसी के सीईओ और सचिव, गाय लैवेंडर ने कहा, "हम एमसीसी के मानद आजीवन सदस्यों के अपने नए समूह की घोषणा करने में सक्षम होने के लिए रोमांचित हैं। आज जिन नामों की घोषणा की गई है, वे आधुनिक समय के कुछ महानतम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, और हमें अब उन्हें अपने क्लब के मूल्यवान सदस्यों के रूप में गिनने का सौभाग्य मिला है।"

सिनेमा

# मलाइका अरोड़ा ने बताया दूसरी शादी का प्लान, बोलीं- सोच तो रही हूं...





बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा लंबे वक्त से एक्टर अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। कई बार दोनों की शादी को लेकर खबरें उड़ीं लेकिन दोनों ने ही इस मुद्दे को लेकर चुप्पी साध रखी थी। अब मलाइका अरोड़ा ने शादी को लेकर पूछे गए सवालों का खुलकर जवाब दिया और बताया है कि वह दूसरी बार शादी करने के बारे में सोच रही हैं। मालूम हो कि मलाइका अरोड़ा सलमान खान के भाई अरबाज खान के साथ लंबे वक्त तक शादी के बंधन में थीं लेकिन फिर 19 साल की यह शादी टूट गई। अरबाज खान के साथ शादी से मलाइका अरोड़ा का एक बेटा भी है जिसका नाम अरहान खान है। मलाइका अरोड़ा ने ब्राइड्स टुडे के साथ बातचीत में बताया कि वह शादी के बारे में सोच रही हैं। उन्होंने कहा, 'जाहिर तौर पर मैंने इस बारे में सोचा है। लोगों को लगता है कि शायद मैं अब शादी के खिलाफ हो गई हूं, लेकिन इस बात का सच से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है।' मलाइका अरोड़ा ने बताया, 'मुझे शादी में भरोसा है, मैं प्यार और हमसफर में यकीन करती हूं.. इन सारी चीजों में। मैं इस सवाल का जवाब नहीं दे सकती कि मैं दोबारा कब शादी करूंगी, क्योंकि मैं मानती हूं कि जिंदगी का थोड़ा सा हिस्सा सरप्राइज के तौर पर भी छोड़ देना चाहिए, और बहुत ज्यादा प्लानिंग नहीं करनी चाहिए। लगातार चीजों को प्लान करते रहने से उसका मजा मर जाता है।'

# कार चालक का मोबाइल लेकर भागा बदमाश, ट्राफिक पुलिसकर्मी ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कार चालक का मोबाइल बदमाश छिनकर भाग निकला, जिसे ट्राफिक पुलिसकर्मी ने पीछा कर धरदबोचा।**

राजीव गांधी चौराहे पर कार में काली फिल्म लगी होने पर एक चालक को पुलिस ने रोका। वह मोबाइल पर बात ही कर रहा था। तभी स्कूटी सवार बदमाश उसका मोबाइल छीन कर भाग गए। कार चालक ने चालान बना रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से इसकी शिकायत की। ट्रैफिक जवान ने करीब एक किलोमीटर पीछा कर बदमाश को पकड़ लिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने आरक्षक को 5 हजार का पुरस्कार दिया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को जांच के दौरान कार क्रमांक एमपी 13 सीए 4408 को काली फिल्म लगी होने के कारण रोका गया। वाहन चालक संजय पिता देवी सिंह अपने मोबाइल फोन से किसी से बात कर रहा था, तभी एक्टिवा क्रमांक एमपी 09 यूए-7295 पर दो बदमाश आए और हाथ से मोबाइल छीन कर भवरकुआं थाने की ओर भाग गए। चालक संजय ने पुलिसकर्मियों को बताया कि बदमाश मेरा मोबाइल छीन कर भागे हैं। तभी एक मोटरसाइकिल से आरक्षक सतीश रघुवंशी फरियादी को लेकर स्कूटी सवार बदमाशों का पीछा किया। एक आरोपित गौरव पिता योगेश को पकड़ लिया अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था) मनीष कपूरिया ने आरक्षक सतीश रघुवंशी को पांच हजार का पुरस्कार दिया।

### महिला की चेन लूटी

इसी प्रकार हीरानगर थाना क्षेत्र में घर के सामने टहल रही महिला के गले से आरोपियों ने चेन लूट ली। अनिता जैन निवासी न्याय नगर मेन रोड की शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी बाइक से उनके पास से निकले थे और झपट्टा मारकर सोने की चेन कीमत 50 हजार रूपए छीनकर भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### युवक से नकदी मोबाइल लूटे

इसी प्रकार भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि शिवम पवार पिता रेवाराम पवार (21) निवासी ग्राम भोगाव तह. धरमपुरी जिला धार हाल पता संघ कार्यलय वीर तेजाजी नगर इंदौर कही रिपोर्ट पर राज पिता विनोद नागर निवासी श्रीयंत्र नगर और मिलन पिता विनोद नागर-श्रीयंत्र नगर सी सेक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना काम धेनू पार्क गेट के सामने श्रीयंत्र नगर की है। आरोपियों ने रास्ता रोककर फरियादी के साथ मारपीट कर सायकिल में तोड-फोड कर एक व्यक्ति ने पीछे से पकड लिया व अन्य व्यक्तियों ने फरि० की जेब में रखे 700 रूपये व एक मोबाईल सेम्संग कम्पनी का गेलेक्सी मांडल का निकाल लिये जब फरियादी द्वारा रूपये व मोबाईल निकालने का विरोध किया तो फरियादी के साथ लात घुसो से मारपीट करने लगे फरियादी जोर-जोर से चिल्लाया तो अमन जाट, मोहित मोर्य एवं आस-पास वाले लोग फरियादी के पास आ गये जिन्हे देखकर वह लोग फरियादी के रूपये व मोबाइल छिनकर भाग गये । पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की लाश कर रही है।

# धर्मांतरण का मामले में आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ महू की खान कॉलोनी में पिछले सप्ताह एक घर में धर्म परिवर्तन करने की सूचना पुलिस को मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कई लोग घर में थे। घर में ही प्रार्थना हाल भी बनाया था। पुलिस ने सभी लोगों को बाहर निकाला और अलग-अलग पूछताछ की। इसमें धर्मांतरण कराने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने पांच लोगों पर प्रकरण दर्ज किया। इसमें से चार आरोपी चंद्रशेखर उपाध्याय स्वाति तिवारी संगीता उपाध्याय एवं संजय चौहान मौके पर ही थे। बुधवार को सभी आरोपियों को पुलिस ने नयायालय में पेश किया। जिसमें आरोपियों की ओर से जमानत आवेदन प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से पैरवी दिनेश पंचोली एडवोकेट ने की एवं आरोपी गण द्वारा पेश किए गए आवेदन का घोर विरोध किया अपने तर्क में पंचोली ने व्यक्त किया। अभियुक्त गणों द्वारा पूर्व में इस तरह के अपराध किए गए हैं व आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है आरोपियों की कृत्य से समाज में अराजकता बढ़ रही है आरोपी गणों को जमानत का लाभ दिया गया तो वे अपराध की पुनरावृत्ति करेंगे फरियादी द्वारा भी न्यायालय में उपस्थित होकर आरोपी गणों की जमानत पर आपत्ति व्यक्त की गई। न्यायालय द्वारा अपने अभिमत में यह व्यक्त किया कि अपराध गंभीर प्रवृत्ति का है। आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी गणों की ओर से पेश जमानत आवेदन निरस्त किया गया। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक दिनेश पंचोली एडवोकेट एवं विशेष लोक अभियोजक आनंद नेमा ने की।

## तस्कर गिरफ्तार

इंदौर। चंदनगर क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की डिलेवरी देने आए तस्कर को क्राइम ब्रांच और थानेकी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्त में ले लिया। उसके कब्जे से 3 किलो गांजा बरामद हुआ। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति स्कीम नं 71 जीरा फैक्ट्री के सामने गांजा की तस्करी करने वाला है।

# सम्मेद शिखरजी यात्रा के नाम पर लगाया था हजारों का चूना

## क्राइम ब्रांच ने जयपुर से पकड़ा आरोपी पति-पत्नी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जयपुर के ठगोरे दंपति ने सम्मेद शिखरजी धार्मिक यात्रा के नाम पर एक परिवार से बुकिंग कर 76 हजार से ज्यादा की ठगी कर दी। शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने विज्ञापन में श्रद्धालुओं को ठगोरों से सावधान रहने की सूचना भी लिखी थी।

एसीपी क्राइम ब्रांच के अनुसार इंदौर पुलिस द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड और धोखाधड़ी संबंधी अपराधों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में गत दिनों एक फरियादी के द्वारा लिखित शिकायत की गई थी की जैन तीर्थ स्थल शिखरजी यात्रा के टूर पेकेज के नाम से झूठा आश्वासन देकर बुकिंग राशि के नाम पर 76 हजार 300 रू की धोखाधड़ी उनके साथ हुई है। क्राइम ब्रांच ने जांच करते हुए पाया गया कि फरियादी द्वारा फेसबुक पर शगुन जैन के नाम से बनी आईडी पर सम्मेद शिखरजी जैन तीर्थ यात्रा के टूर एंड ट्रेवल पेकेज संबंधित एडवर्टिशमेंट का पोस्ट डला दिखा था, जिसमे 24 जनवरी से 30 जनवरी तक स्पेशल ट्रेन के माध्यम से जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी की यात्रा का पेकेज सहित अन्य सुविधाओं के लिए संपर्क नंबर दिया गया था। और साथ में उसी विज्ञापन में ठग ने फर्जी नोट डाला की कि फर्जी विज्ञापनों से दूर रहे आजकल जैन यात्रा के नाम से बहुत फ्रॉड हो रहे है और जैन समाज की ओर से यही यात्रा निकाली जा रही है सावधान रहें। उक्त नोट को देखकर फरियादी को विश्वास हुआ की यह सही एजेंसी है।

# मंदिर हादसे में अब तक गिरफ्तारी किसी की नहीं

## समिति सचिव और अध्यक्ष पर दर्ज है गैर इरादतन हत्या का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीते गुरुवार को रामनवमी पर शहर के पटेल नगर में हुए हादसे के बाद पुलिस बेलेश्वर महादेव मंदिर समिति के सचिव और अध्यक्ष के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर चुकी है। लेकिन घटना के एक सप्ताह बाद भी अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। अफसरों का कहना है कि अध्यक्ष की गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी थी लेकिन वो फरार है, दूसरी ओर उपचारत सचिव के डिस्चार्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है।**

पिछले सप्ताह गुरुवार को इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी पर हर साल की तरह हवन-पूजन था। हवन के दौरान बावड़ी का स्लैब धंसने से 36 लोगों की मौत हो गई।

### हादसे की सीबीआई जांच कराने चौथी याचिका दायर

पटेल नगर स्थित बेलेश्वर मंदिर में बावड़ी धंसने हुई 36 लोगों की मौत की सीबीआई जांच कराए जाने को लेकर चौथी जनहित याचिका दायर की गई है। हाई कोर्ट इन सभी की एक साथ सुनवाई कर सकती है। ताजी याचिका में मांग की गई है कि पीड़ितों के परिजन को 25-25 लाख का मुआवजा दिया जाए। यह कोई प्राकृतिक घटना नहीं है बल्कि नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही से हुआ हादसा है।

पुलिस ने मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी और सचिव मुरली सबनानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इतना ही नहीं लापरवाही बरतने वाले भवन अधिकारी परसराम अरोलिया और बिल्डिंग इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। लेकिन अभी तक अध्यक्ष या सचिव में से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

हर साल मंदिर में हवन का आयोजन परिसर के बाहर होता था लेकिन जिन लोगों ने परिसर के अंदर हवन करवाने का निर्णय लिया, उसमें सचिव मुरली सबनानी की अहम भूमिका बताई जा रही है। सबनानी घटना के दौरान मंदिर में मौजूद थे और हादसे का शिकार भी हुए। उन्हें इलाज के लिए एप्पल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां उनके पैर का ऑपरेशन किया गया है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए उनके डिस्चार्ज होने का इंतजार कर रही थी। मंगलवार को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया मगर इसके बाद भी उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया।

दूसरी ओर मंदिर समिति के अध्यक्ष सेवाराम गलानी को लेकर भी पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे फरार हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के अनुसार जिसके तहत गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया जाता है, उसमें आजीवन कारावास या दस साल तक का कारावास हो सकता है।

### बावड़ी को भरकर साक्ष्य मिटाए गए- कोडवानी

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी ने आरोप लगाया कि जानें लेने वाली बावड़ी का भराव कर साक्ष्य मिटाए गए हैं। यह गलत है। इस बगीचे में दो मंदिर, टंकी और पार्षद का ऑफिस है। नक्शे में लैंड यूज नहीं बदला गया। अगर यह बगीचे के लिए है तो फिर यहां निर्माण कैसे हुए? बावड़ी पर स्लैब किसने डाला, इसकी जांच होना चाहिए।

sponcership


Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।